प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
**Department of Communication**, Central Office, S.B.S.Marg, Fort, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

30 नवंबर 2021

# बैंक ऋण का क्षेत्र-वार अभिनियोजन – अक्तूबर 2021

चुनिंदा 33 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन संबंधी आंकड़ें विवरण I और II में दिए गए हैं, जो अक्तूबर 2021 महीने के लिए सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अभिनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 90 प्रतिशत होता है।

वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) आधार पर देखें तो, खाद्येतर बैंक ऋण[1] में वृद्धि अक्तूबर 2020 में 5.2 प्रतिशत की तुलना में अक्तूबर 2021 में 6.9 प्रतिशत रही।

**बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन की मुख्य बातें नीचे दी गई हैं :**

- कृषि और संबद्ध कार्यकलापों के लिए प्रदत्त ऋण में अच्छा प्रदर्शन जारी रहा, जिसमें अक्तूबर 2020 में 7.2 प्रतिशत की तुलना में अक्तूबर 2021 में 10.2 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई।

- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में वृद्धि अक्तूबर 2021 में बढ़कर 4.1 प्रतिशत हो गई, जिसमें अक्तूबर 2020 में 0.7 प्रतिशत की कमी आई थी। आकार के अनुसार देखें तो, मध्यम उद्योगों को प्रदत्त ऋण में पिछले साल के 20.8 प्रतिशत की तुलना में अक्तूबर 2021 में 48.6 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि दर्ज की गई। सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को प्रदत्त ऋण में वृद्धि एक साल पहले के 0.7 प्रतिशत से अक्तूबर 2021 में तेजी से बढ़कर 11.9 प्रतिशत हो गई। बड़े उद्योगों को प्रदत्त ऋण में वृद्धि अक्तूबर 2021 में 0.5 प्रतिशत पर रही, जिसमें एक साल पहले 1.8 प्रतिशत की कमी आई थी।

- उद्योग के भीतर, 'सभी इंजीनियरिंग', 'रसायन और रासायनिक उत्पादों', 'खाद्य प्रसंस्करण', 'रत्न और आभूषण', 'इन्फ्रास्ट्रक्चर', 'खनन और उत्खनन', 'रबड़, प्लास्टिक और उसके उत्पादों', तथा 'कपड़ा' हेतु प्रदत्त ऋण में वृद्धि अक्तूबर 2021 में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में बढ़ी है। हालांकि, 'मूल धातु और धातु उत्पादों', 'पेय पदार्थ और तंबाकू', 'सीमेंट और सीमेंट उत्पादों', 'निर्माण', 'कांच और कांच के बने पदार्थ', 'चमड़ा और चमड़े के उत्पादों', 'कागज और कागज के उत्पादों', 'पेट्रोलियम, कोयला उत्पादों और परमाणु ईंधन', 'वाहन, वाहन के पुर्जों और परिवहन उपकरण' एवं 'लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों' की ऋण वृद्धि में गिरावट/कमी आई है।

- सेवा क्षेत्र की ऋण वृद्धि में गिरावट जारी रही, क्योंकि यह एक साल पहले के 8.6 प्रतिशत से अक्तूबर 2021 में घटकर 2.9 प्रतिशत रह गई।

- व्यक्तिगत ऋण अक्तूबर 2020 में 8.7 प्रतिशत की तुलना में अक्तूबर 2021 में 11.7 प्रतिशत की उच्च दर से बढ़ना जारी रहा, जो प्रमुख रूप से आवास ऋणों, वाहन ऋणों एवं स्वर्ण आभूषण के बदले में प्रदत्त ऋणों के कारण हुआ।

---

[1] खाद्येतर ऋण के आंकड़ें धारा - 42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।

**अजीत प्रसाद**
**प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/1281** निदेशक (संचार)